संख्या–cm-293
01/09/2019

पितृपक्ष मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सहुलियत का पुख्ता इंतजाम होना चाहिये :– मुख्यमंत्री

पटना 01 सितम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में गया समाहरणालय सभाकक्ष में पितृपक्ष मेला महासंगम 2019 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी श्री अभिषेक सिंह ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से पितृपक्ष मेला महासंगम 2019 से संबंधित प्रशासनिक तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

प्रस्तुतिकरण के क्रम में जिलाधिकारी ने बताया कि पितृपक्ष मेला महासंगम 2019 के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन के लिए हर तरह से पुख्ता प्रबंध किये गये हैं। इसके तहत 16 कार्य समितियों का गठन, पर्याप्त संख्या में शौचालय, 38 जोन में बांटे गए मेला क्षेत्र में जलापूर्ति हेतु 290 चापाकल, 250 सी0सी0टीवी का अधिष्ठापन, साफ–सफाई, सुरक्षा, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, आगंतुकों एवं पुलिस बल के लिए आवासन, दंडाधिकारियों एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती, चिकित्सा सुविधा हेतु स्वास्थ्य शिविर, यातायात एवं परिवहन व्यवस्था सहित आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए समुचित व्यवस्था की गई है ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा प्रस्तुतिकरण के क्रम में जिलाधिकारी गया ने बताया कि क्राउड कंट्रोल, सादे लिबास में पुलिस बल की तैनाती, कॉल सेंटर, मोबाइल एप्प, खाद्य पदार्थों की शुद्धता की जांच, सड़क एवं नाली मरम्मत, वेबसाइट एवं हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से पितृपक्ष मेला 2019 से संबंधित हर प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो सके।

समीक्षा बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बिहार के प्रतिष्ठा का प्रश्न है इसलिये श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सहुलियत का पुख्ता इंतजाम होना चाहिये। उन्होंने कहा कि फलगू नदी में जो शहर के नाले का गंदा पानी गिर रहा है, उसे प्यूरीफाई कर सिंचाई के काम में इस्तेमाल करने की व्यवस्था की जानी चाहिये। मुख्यमंत्री ने समीक्षा के क्रम में सीता कुण्ड से विष्णुपद मंदिर तक फलगू नदी के ऊपर बनने वाले लक्ष्मण झूला के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अगर बिना पिलर के लक्ष्मण झूला बनाने में मुश्किलें आ रही हैं तो फुट ओवरब्रिज के संबंध में सोंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पितृपक्ष मेला में बाहर से काफी तादाद में लोग आते हैं, उनकी सुरक्षा के प्रति सर्तक रहने की आवश्यकता है ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पितृपक्ष मेला 2019 से संबंधित कॉफी टेबुल बुक का विमोचन एवं मोबाइल एप्प भी लॉच किया।

समीक्षा बैठक में गृह विभाग, ऊर्जा विभाग, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पर्यटन विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग सहित पितृपक्ष मेला 2019 की तैयारी से संबंधित अन्य विभागों के अपर मुख्य सचिव/

प्रधान सचिव/सचिव ने अपनी तैयारियों के संदर्भ में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। जिलाधिकारी गया ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री एवं गया जिले के प्रभारी मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, कृषि मंत्री श्री प्रेम कुमार, सांसद श्री विजय मांझी, सांसद श्री चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, गया जिला के विधायक एवं विधान पार्षदगण, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, अपर मुख्य सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, प्रधान सचिव राजस्व एवं भूमि सुधार श्री विवेक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित संबंधित विभागों के प्रधान सचिव/सचिव, आयुक्त मगध प्रमण्डल, जिलाधिकारी गया एवं वरीय पुलिस अधीक्षक गया उपस्थित थे।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने विष्णुपद मंदिर का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लेने के बाद मंदिर में पूजा अर्चना की। मंदिर के सचिव ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न के रूप में भगवान विष्णु का चरण चिह्न भेंट किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने ब्रह्मसत्य सरोवर, वैतरणी सरोवर एवं सीता कुण्ड के विकास कार्यों का भी जायजा लिया।

******